## महत्वपूर्ण एवं खास

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक सहित 4 बकरियों की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत पतुरिया डांड के आश्रित ग्राम करैहापारा निवासी अनिल पिता जगदीश नेटी उम्र लगभग 25 वर्ष नजदीक के जंगल में कल बकरी चराने गया था। इस बीच अचानक मौसम बदलते ही शाम 4 बजे के आसपास आकाशीय बिजली गिरने से अनिल नेटी एवं चारों बकरियों की अकाल मौत हो गई। घटना में अनिल के परिजनों में कोहराम व गांव में शोक व्याप्त है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार दो युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी आमानाका निवासी मृतक मोहम्मद ताफीक 20 वर्ष वर्ष अपने दोस्त घनश्याम यादव 40 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध स्थित अयप्पा मंदिर के पास बस क्रमांक सीजी 07 सीटी 7812 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम सांकरा के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के मृतक प्रदीप कुर्रे 28 वर्ष गोवर्धन नगर आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रदीप अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम सांकरा के पास हाइवा क्रमांक सीजी 08 एएच 9478 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रदीप की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### लग्जरी कार से गांजा तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस के टीम ने गांजा तस्करी करते अर्टिगा कार सवार तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 63 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 15 लाख 50 हजार रूपए के आसपास बताई जा रही है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद के तरफ से चारपहिया वाहन में मादक पदार्थ की तस्करी किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस के टीम ने जोरा ओव्हरब्रीज के पास नाकेबंदी किया गया तथा आरोपी कमलेश तेलाशी द्वारा बताये चारपहिया वाहन को आता देख उसका पीछा कर उसे पकड़ा गया। वाहन में 02 लोग सवार थे। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अजय उईके एवं प्रमोद सिंह राजपूत निवासी महासमुंद का होना बताया गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। गांजा के संबंध में दोनो से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा को उड़ीसा से लाना है बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तीनों आरोंपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 63 किलोग्राम गांजा तथा गांजा तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# मनुप्रिया वुडबॉल वर्ल्डकप में छत्तीसगढ़ से खेलेंगी, 14 से 21 अक्टूबर के बीच चीन में होगा आयोजन

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ की बेटी मनुप्रिया वुडबॉल खेल की राष्ट्रीय खिलाडी का विश्व कप के लिए हुआ चयन मनुप्रिया प्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिनका चयन हुआ है मनुप्रिया खेमका वर्तमान में कलिंगा यूनिवर्सिटी से एमबीए कर रही हैं 22 वर्षीय मनुप्रिया खेमका आगामी 14 से 21 अक्टूबर को होने वाले वुडबॉल प्रतियोगिता के लिए चीन में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, प्रारंभ से खेल के प्रति समर्पित मनुप्रिया दो बार की गोल्ड मेडलिस्ट रही है, इससे पूर्व महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित 7 से 11 मार्च को सीनियर राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर राज्य को गौरांवित किया है, मनुप्रिया खेमका इससे पूर्व वर्ष 2023 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जयपुर मे खेलने गई थी जहां उन्हें उत्कृष्ट सरहनी प्रदर्शन कर प्रदेश का मान बढ़ाया, प्रारंभ से ही मेधावी रही मनुप्रिया कहती है, कि प्रदेश में खेल की अपार संभावनाएं हैं।

प्रदेश के साथ-साथ देश की बेटियां लगातार खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रही है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र के खेल प्रतियोगिताएं हो उन्होंने प्रदेश के सभी महिला खिलाडिय़ों से आग्रह किया है, कि वह खेल के प्रति अपनी रुचि बनाए रखें और प्रदेश के साथ-साथ देश का मान बढ़ाएं, मनुप्रिया कहती है, कि राज्य सरकार को भी खेल प्रतियोगिताएं के लिए विशेष सहयोग एवं खेल का वातावरण बनाया जाना चाहिए ताकि खेल सुविधाओं के कमी के कारण खिलाडिय़ों को कोई असुविधा न हो उन्होंने भारत के खेलो इंडिया की तारीफ की साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है, कि वुडबॉल जैसे खेल के लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करें एवं इस खेल को आगे बढ़ाएं, मनुप्रिया कहती है, कि इस संदर्भ में उन्होंने कल प्रदेश के खेल मंत्री टंकराम वर्मा जी से सौजन्य मुलाकात की है, खेल मंत्री टंकराम वर्मा जी ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ वुडबॉल के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है, मनुप्रिया कहती है. कि उनके चीन जाने के लिए उन्होंने वुडबॉल के राष्ट्रीय संघ सहित प्रदेश वुडबॉल संघ का आभार व्यक्त किया है, तथा उन्होंने आशा की है, कि इस विश्वकप में भारत का परचम लहराएगा और उनकी टीम जरूर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्व का फाइनल में जीत हासिल करेंगी। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में देते हुए मनुप्रिया खेमका ने बताया कि वे पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर कलिंगा विश्वविद्यालय की ओर से नागपुर एवं जयपुर में दो गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

## प्रेमी ने अपनाने से किया इंकार तो महिला ने खोल दिया पति की हत्या का राज

**गरियाबंद । आरएनएस**

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के गुजरा गांव में 8 माह पहले एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पहले अपने पति की हत्या कर दी और सामान्य मौत बताकर उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। इधर कुछ दिनों बाद जब प्रेमी ने उसे अपनाने से इंकार किया तो महिला ने सबके सामने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का राज खोल दिया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों प्रेमी-प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 8 माह पहले ग्राम के सिरहा (पुजारी ) रोमन सिंह की मौत हो गई थी। जिसे सामन्य बताकर उसका क्रियाकर्म कर दिया गया था। इधर कुछ दिनों बाद मृतक सिरहा की पत्नी लक्ष्मी ध्रुव ने अचानक पति की हत्या करने की बात सबके सामने कह दी। लक्ष्मी ने सबको बताया कि उसका गांव के ही भीखम सिंह के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते उसने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। जिसके बाद मृतक रोमन सिंह के बड़े भाई ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। एवं पुलिस ने भीखम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपराध कबूल किया। पुछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी 2024 को रोमन ने उसे उसकी पत्नी लक्ष्मी के साथ अवैध संबंध बनाते देख लिया था। इसके बाद आरोपी ने प्रेमिका के साथ मिलकर उसके पति को गमछे से गला घोटकर मार दिया। उस समय इसे सामान्य मौत बताकर अंतिम संस्कार कर दिया गया था। ईधर आरोपी भीखम ने जब मृतक की पत्नी को अपनाने से इंकार किया तो उसने हत्या के राज से पर्दा उठा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रायपुर में ऑनलाइन हो रही 'चाकुओं' की डिलीवरी, 6 महीने में चाकूबाजी के 79 मामले

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई शहर इन दिनों अपराधों की वजह से चर्चा में है. पॉश इलाके में दिन दहाड़े हत्याएं कर दी जा रही हैं. खासतौर पर चाकूबाजी की घटना ने रायपुर वालों को इन दिनों भारी चिंता में डाल दिया है. एक के बाद एक हो रही लगातार घटनाओं को लेकर अब सियासत भी शुरू हो गई है. ऐसे में सवाल उठता है कि राजधानी आखिर क्यों चाकूधानी बन रही है?

बीते सोमवार को भी रायपुर में चाकूबाजी की एक भयावह घटना सामने आई. पेशे से कार ड्राइवर ईश्वर से मोबाइल लूट की वारदात हुई, उसने मोबाइल बचाने की कोशिश की लेकिन आरोपियों ने सरेआम छूरा घोंप दिया. ये वाकया रायपुर के तेलीबांधा तालाब में हुआ, जिसे शहर का दिल कहा जाता है. इसकी पहचान मरीन ड्राइव के रूप में भी है. दिन हो या रात यहां चहलकदमी बनी रहती है. लेकिन यहीं 16 सितंबर को योगिता नाम की लडक़ी पर भी चाकू से हमला हुआ. एक के बाद एक हुई इन वारदातों से मरीन ड्राइव आने वालों की चिंता बढ़ गई है.

वहीं इसके एक दिन पहले न्यायधानी में भी चाकूबाजी की वारदात हुई. बिलासपुर जिले के कोटा में एक होटल के सामने कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ, मारपीट के बीच युवक ने चाकू से दूसरे युवक पर वार कर दिया. मामले में दो युवक और तीन युवतियों सहित 5 लोग गिरफ्तार हुए हैं.

ऐसे अपराधों की वजह से लोग अपने आप को बेहद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. रायपुर के एक बुजुर्ग नारायणदास चंदानी कड़े कानून की मांग करते हुए कहते हैं, कानून कड़ा करने की जरूरत है. लडक़ी, बच्चे या आदमी लोग सुरक्षित नहीं हैं, कानून को कड़ा करना चाहिए. यहां क्रिमिनल लोग आते हैं और चाकूबाजी हो रही है.

सुनीति चौहान भी कड़े कानून की पैरवी करती हैं. उन्होंने कहा कि कानून सख्त होगा तो हम बेखौफ होकर घूम सकती हैं, लेकिन जिस तरह दिन दहाड़े अपराध हो रहा है, उससे हमारे फैमली वाले भी हमें निकलने से मना करते हैं. एक और युवती शोभा यादव भी इन घटनाओं पर चिंता जाहिर करती हैं. वे सवाल उठाती हैं कि पब्लिक प्लेस पर ऐसा हो रहा है. यहां आकर लोग सुरक्षित नहीं हैं तो सुनसान जगहों पर या फिर जॉब वाली जगह पर हम बेफिक्र होकर काम कैसे कर पाएंगे?

## कबाड़ से जुगाड तैयार कर महिलाएं हों रहीं आत्मनिर्भर, जल एवं पर्यावरण संरक्षण में निभा रहीं अपनी भागीदारी

**धमतरी । आरएनएस**

देश, प्रदेश सहित जिले में भू जल स्तर लगातार नीचे जाने लगा। इसे ध्यान में रखकर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर जिले में नारी शक्ति से जल सकती अभियान के तहत् लोगों को जल संरक्षण के लिए लगातार जागरुक किया जा रहा है। जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जितना पानी का सदुपयोग, उसे सहेजना जरुरी है, उतना ही जरूरी साफ सफाई और प्लास्टिक मुक्त बनाए रखना। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर कलेक्टर सुश्री गांधी सहित जिला प्रशासन द्वारा बीते दिनों जीवनदायिनी महानदी के आसपास साफ़ सफ़ाई कर प्लास्टिक मुक्त गंगरेल बनाने का संदेश दिया गया। वहीं जिले के नगरीय निकाय, ग्रामों, मोहल्ला और वार्डो में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत साफ सफाई की जा रही है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयं सेवी संस्थाएं, बिहान और ग्रीन आर्मी की महिलाएं, नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि सहित आमजन शामिल हो रहे हैं।

इन्हीं सब कार्यक्रमों के साथ ही नगर निगम धमतरी की एन आर एल एम की महिलाओं ने भी जल एवं पर्यावरण संरक्षण का बीड़ा उठाया। उन्होंने अपने आसपास पड़े कबाड़ से जुगाड तैयार किया। इसमें प्लास्टिक के बॉटल, पु_ा, कागज़, डिस्पोजल, प्लास्टिक के मोती, चूडिय़ों इत्यादि का उपयोग कर घर सजावट की वस्तुएं जैसे झूमर, गुलदस्ता, हाफ पर्दा, वॉल हैंगिंग, चिडिय़ा का घोंसला सहित अन्य आकर्षक सामग्रियां बनाईं। इससे उन्हें आमदनी तो होती है, साथ ही जल एवं पर्यावरण संरक्षण भी में भी अपनी सहभागिता निभा रही हैं।

गौरतलब है कि लोगों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुक करने के उद्देश्य से आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल बांध में जल जगार महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कबाड़ से जुगाड के तहत प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## महादेव सट्टा एप संचालन करते 3 कथित पत्रकार सहित 4 गिरफ्तार

**भिलाई (आरएनएस)।** ऑनलाइन महादेव सट्टा एप का संचालन दुर्ग जिले में जोरों से चल रहा है। यहां दो लोग खुद को पत्रकार बताकर ऑनलाइन सट्टा एप का संचालन कर रहे थे। उन्होंने पैसों के ट्रांजेक्शन के लिए लोगों को धोखे में रखकर फर्जी बैंक खाता भी खुलवाया था। सुपेला पुलिस ने उनके सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसमें दो मुख्य आरोपी फरार हैं। ऑनलाइन महादेव स्ट्टा एप सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इंदिरा नगर गदा चौक सुपेला भिलाई निवासी धीरज महतो पिता मिथलेश महतो (22 साल) ने इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। धीरज ने पुलिस को बताया कि वो श्रीशंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भिलाई के बाहर चाय की दुकान चलाता है। उनकी खुद को पत्रकार बताने वाले गोविंदा चौहान और रविकांत मिश्रा से पहचान हो गई थी। सुपेला पुलिस ने कथित पत्रकार गोविंद चौहान के खिलाफ दुष्कर्म का मामला भी दर्ज किया है। पीड़िता ने शिकायत में बताया है कि गोविंदा ने मई 2013 से साल 2017 तक उसका शारिक शोषण किया। पीड़िता ने बताया कि गोविंदा उसे काफी समय पहले से जानता था। वो किराय के माकन में रहती थी। मई 2013 में रात को गेविंद उसके घर आया। पीने के लिए पानी मांगा। जैसे ही वो पानी लेने अंदर गई वो भी अंदर घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद उसने उससे शादी करने का वादा किया। शादी का वादा करके वो उसका 5 सालों तक शारीरिक शोषण करता रहा। जब उसने शादी के लिए जोर दिया तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने सुपेला थाने में मामला दर्ज कराया।

## विश्व हिंदू परिषद का छत्तीसगढ़ के मठ-मंदिर और मंदिर ट्रस्टी से आग्रह, गैर हिन्दू से नहीं करें प्रसाद का लेन-देन

**रायपुर । आरएनएस**



तिरुपति मंदिर में प्रसादम को लेकर उपजे विवाद के बाद विश्व हिन्दू परिषद ने छत्तीसगढ़ के तमाम मठ-मंदिर और मंदिर ट्रस्टियों को पत्र लिखा है. पत्र में गैर हिंदू से प्रसाद लेन-देन नहीं करने के साथ प्रसाद की जांच करने के बाद ही लेन-देन का आग्रह किया है. वहीं परिषद की ओर से तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिली जानवरों की चर्बी को लेकर एक अक्टूबर को रायपुर में विरोध-प्रदर्शन के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा.

नवरात्रि में घी की जांच करने सहित 8 बिंदुओं पर मठ-मंदिर और मंदिर ट्रस्टियों को जारी किए गए पत्र की जानकारी देते हुए आचार्य नीलेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ विधर्मियों द्वारा हमारी आस्था और धर्म के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा हैं. हम सब अपने आध्यात्मिक केन्द्रों में शुद्धता के साथ आचार-विचार का पालन करें, इसी आग्रह के साथ विश्व हिन्दू परिषद् की ओर से छत्तीसगढ़ के तमाम मठ-मंदिर और मंदिर ट्रस्टियों को पत्र लिखा गया है.

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नवरात्रि पर्व शक्ति के जागरण का महापर्व है, हम सब अपनी आस्था और विश्वास के साथ भगवती की उपासना करते हैं. लेकिन जिस प्रकार से तिरुपति बालाजी के प्रसाद और डोंगरगढ़ के प्रसाद को लेकर विवाद सामने आया हैं, उसके बाद प्रदेश के मठ-मंदिरों से किसी भी गैर हिंदू से प्रसाद संबधित लेन-देन नहीं करने, नवरात्रि में घी की जांच करने के बाद ही ज्योत प्रज्ज्वलित करने सहित आस्था से जुड़ी अन्य बातों को लेकर आग्रह किया गया है.

## नारधा में 10 एकड़ शासकीय घास भूमि को भूमि स्वामी बनाकर, पुन: कर दिया शासकीय घास भूमि


**धमतरी-मगरलोड । आरएनएस**

धमतरी जिला के विकासखंड मगरलोड के ग्राम नारधा में शासकीय घास भूमि को कूट रचना कर तात्कालिक राजस्व अधिकारी कर्मचारी व पटवारी ने 2021-22 में खसरा नंबर 643/2 रकबा 4.05 हेक्टेयर शासकीय घास भूमि को छल पूर्वक,कूट रचना कर महेश कुमार दम्ममानी पिता किशन दम्ममानी के नाम मिली भगत कर कृषि भूमि स्वामी दर्ज कर दिया गया उन्हें बेचने दलालों की लाइन लगाकर बेचने की योजना बनाई जाती है तो ग्रामीणों को भनक लगने के बाद जागरूक ग्रामीण रोहित कुमार साहू इसकी शिकायत नोटिस वकील जयप्रकाश साहू के माध्यम से देकर थाना मगरलोड में लिखित शिकायत 23 सितंबर 2024 को किया गया जिसमें उक्त भूमि शासकीय घास भूमि की फर्जी वाडा तरीके से कूट रचनाकर व नामांतरण कर भूमि स्वामी महेश कुमार दम्मानी को बनाकर उनके नाम पर ऋण पुस्तिका क्रमांक 3592 102 भी तैयार होने की शिकायत किया गया है उन्होंने बताया कि तात्कालिक पटवारी सरपंच से जानकारी लेने पर गोलमोल जवाब तथा विधि सम्मत जानकारी देने में असमर्थता बताया है।

इस तरह ग्राम नारधा की शासकीय घास भूमि जिसे आम निस्तार मुक्तिधाम, पशु चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित जमीन को कुट रचनाकर सरकार की आंखों में धूल झोंक रहा है। उन्होंने तात्कालिक सरपंच हल्का पटवारी तहसीलदार महेश दमानी को वकील जयप्रकाश साहू के माध्यम से 19 सितंबर 2024 को नोटिस भेजने के बाद 22 सितंबर 2024 को पुन: रिकॉर्ड चेक करने पर खसरा नंबर 643/2 रकबा 4.05 हेक्टेयर को शासकीय घास भूमि दर्ज कर दिया गया है जो राजस्व रिकॉर्ड में लगातार हेरा फेरी होने पर सूक्ष्मता से जांच कर हेरा फेरी करने वालों पर एफ आई आर दर्ज करने की मांग थाना प्रभारी मगरलोड से की है। इस संबंध में वर्तमान तहसीलदार मनोज भारद्वाज ने बताया कि त्रुटि पूर्ण रिकार्ड को सुधार कर शासकीय घास भूमि को पुन: रिकॉर्ड दुरुस्ती किया गया है। शिकायतकर्ता रोहित कुमार साहू ने इसकी शिकायत महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा,पुलिस महानिदेशक, आईजी, कलेक्टर धमतरी एसपी को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है।

# लाखों की चोरी के मामले में एक महिला सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**



राजधानी की माना थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र के शारदा विहार टेमरी में हुई 15 लाख की चोरी मामले में एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। वहीं चोरी में शामिल दो अन्य की तलाश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र विश्वकर्मा ने थाना माना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शारदा विहार टेमरी में रहता है। 24.09.24 की शाम 05.30 बजे वह अपने निवास में ताला लगाकर मध्यप्रदेश चला गया था। 25.09.24 को को उसके पड़ोसी ने फ ोन पर सूचना दिया कि आपके मकान के गेट का ताला टूटा हुआ है आपके मकान में चोरी हुई है। सूचना पर राजेन्द्र दिनांक 26.09.2024 को अपने घर पहुंचा और देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था तथा कमरे की अलमारी-दराज का ताला टूटा हुआ था तथा उसमें रखे साने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम नही थे जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। जिस पर थाना माना में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 331(4), 305, 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना माना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, उसके पड़ोसी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त अज्ञात आरोपियो के संबधं में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा कचना खम्हारडीह निवासी ऋ तेश नेताम की पतासाजी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ऋ तेश नेताम द्वारा अपने साथी समीर सोनी एवं सागर जोगी के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताने के साथ-साथ समीर सोनी की पत्नी ज्योती सोनी के पास चोरी के सोने चांदी के जेवरात को रखना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त महिला आरोपी ज्योती सोनी की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के सोना चांदी के जेवरात (सोना वजनी लगभग 17 तोला एवं चांदी वजनी लगभग 01 किलो 14 ग्राम) जुमला कीमती लगभग 15,लाख 50 हजार रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी ऋ तेश नेताम पूर्व में भी थाना तेलीबांधा से चोरी एवं मारपीट के प्रकरणों में जेल जा चुका है। प्रकरण में संलिप्त आरोपी समीर सोनी एवं सागर जोगी फ रार है, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU